कांट-छांट किये जाने की संभावना है ताकि नयी योजनाओं को शामिल किया जा सके; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या देश में राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक संकट को देखते हुए योजना अवकाश रहेगा; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और योजना अवकाश की अवधि क्या होगी ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) जी, हां। सरकार ने सरकारी खर्चे में कमी करने के आदेश ज री कर दिए हैं। इन आदेशों में अन्य के साथ-साथ टेलीफोन, गैसोलीन, बिजली, यात्रा, मनोरंजन के सभी प्रकारों, नये वाहनों की खरीद इत्यादि पर व्यय में कटौती शामिल है। चूंकि इस प्रकार की मदों पर होने वाला व्यय केन्द्रीय रूप से संकलित नहीं किया जाता, इसलिए इनसे हो सकने वाली संभावित बचत की मात्रा का निर्धारण करना संभव नहीं है।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने से संबंधित कार्य चल रहा है और इस प्रक्रिया में सभी विद्यमान स्कीमों की समीक्षा की जाती है ताकि प्रगति का आंकलन और भविष्य में इन्हें जारी रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सके। साथ ही, योजना में शामिल करने के लिए नई स्कीमों पर अलग से विचार किया जा रहा है।

(ग) जी, नहीं।

कश्मीरी आतंकवादियों पर वीडियो कैसेट

551. **श्रीमती सूर्यकांता पाटिल :**
कुमारी चन्द्रिका प्रेमजी केनिया :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में सेंसर कानूनों का उल्लंघन करते हुए "आब्जर्वर वीडियो" द्वारा एक वीडियो कैसेट जारी किया गया है जिसमें कश्मीरी आतंकवादियों को राष्ट्र विरोधी बयान देते हुए दिखाया गया है ;

(ख) इस कैसेट के जारी करने से पहले सेंसर कानूनों का पालन न किए जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) जिस प्राधिकारी ने इस कैसेट के प्रदर्शन की अनुमति दी है उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है ;

(घ) इस कैसेट के निर्माता के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) और (घ) का उत्तर "ना" है तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) "आब्जर्वर न्यूज चैनल" के नवम्बर, 1990 के अंक में कश्मीरी आतंकवादियों पर एक समाचार दिया गया था। इस अंक का चलचित्र अधिनियम, 1952 के उपबंधों तथा उसके अधीन सरकार द्वारा जारी किये गये मार्गनिर्देशों के अनुसार केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणन कर दिया गया था।

(ग) से (ङ) ये सवाल पैदा ही नहीं होते।

Second TV studio in Madras and Second Channel of Trivandrum TV Station

552. SHRI M. VINCENT: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is a proposal to construst a second T.V. studio in Madras;

(b) if so, the details thereof and the estimated cost; and

(c) when the second channel of Trivandrum T.V. station would be started?